बी.पी.ए.सी - 132

# कला स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# बी.ए.जी.

## सत्रीय कार्य

## जुलाई 2026 और जनवरी 2027

## पाठ्यक्रमकोडः बी.पी.ए.सी. – 132

## प्रशासनिक विचारक

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बी.पी.ए.सी. – 132: प्रशासनिक विचारक

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम-निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता है : (i) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30% तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70% भारांक होता है। आपको एक 6 क्रेडिट पाठयक्रम के लिए 3 तथा 4 क्रेडिट पाठयक्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं।

इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में, आपके पाठयक्रम **बी.पी.ए.सी. - 132 प्रशासनिक विचारक** का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है। यह पाठयक्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य हैं, जिनके अंकों का योगफल 100 है।

**सत्रीय कार्य–I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, सुसंगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य–II** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य–III** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लखेन कौशल में सुधार होगा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे। जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

सत्रीय कार्य जमा करना

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2026 सत्र के लिए<br><br>जनवरी 2027 सत्र के लिए | 31 मार्च 2027<br><br>30 सितम्बर 2027 | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र, मूल्यांकन के बाद, आपके मूल्यांकित सत्रीय कार्य को आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्यों में दिये गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशों के अनुसार देंगे। इस संदर्भ में, निम्नलिखित का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन** : प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें, तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन** : अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।

सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :

(क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;

(ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों; और

(ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तरों से स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम उत्तर साफसाफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

**शुभकामनाओं के साथ !!!**

लोक प्रशासन

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू, नई दिल्ली

## बी.पी.ए.सी.– 132 : प्रशासनिक विचारक
## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.पी.ए.सी.– 132
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी./टी.एम.ए./2026–27
पूर्णांकः 100

प्रिय छात्र/छात्राओं
इस सत्रीय कार्य में तीन भाग हैं। आपको तीनों भागों के सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### सत्रीय कार्य– I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित लोक प्रशासन के सिद्धांतो का वर्णन कीजिए। 20
2. संचार और प्राधिकार के संबंध में चेस्टर बर्नार्ड के विचारों का परीक्षण कीजिए। 20

### सत्रीय कार्य– II

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3. अब्राहम मैस्लो के प्रेरणा सिद्धांत की चर्चा कीजिए। 10
4. पीटर ड्रकर के प्रमुख योगदानों का परीक्षण कीजिए। 10
5. रेंसिस लिकर्ट की अंतः क्रिया–प्रभाव प्रणाली पर एक टिप्पणी लिखिए। 10

### सत्रीय कार्य– III

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

6. क्रिस अर्गिरिस के परिपक्वता– अपरिपक्वता सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। 06
7. निर्णय – निर्माण में 'चयन' और 'व्यवहार' के संबंध में हर्बर्ट साइमन के विचारों की चर्चा कीजिए। 06

8. नवीन लोक प्रशासन के संबंध में ड्वाइट वाल्डो के विचारों की व्याख्या कीजिए। 06

9. वुडरो विल्सन के युग की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ एवं विकास क्या थे? 06

10. नीती विज्ञान के तत्वों का वर्णन कीजिए। 06